# रोटरी क्लब ऑफ डोंबिवली डायमंड्स का निःशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**डोंबिवली।** महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ डोंबिवली डायमंड्स ने शनिवार, 11 जुलाई 2026 को परिवर्तन वर्ष – Create Lasting Impact थीम के तहत डॉ. वंदना धाकतोडे के ओम हॉस्पिटल, डोंबिवली (पूर्व) में निःशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 30 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 5 महिलाओं में गांठें पाई गईं। सभी महिलाओं को आगे की जांच एवं उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता सत्र में महिलाओं को स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान, स्वयं स्तन परीक्षण की सही विधि तथा कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कच्छ युवक संघ, डोंबिवली के सहसहयोगक एवं भाजपा जैन सेल महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष जतिन गडा तथा विशिष्ट अतिथि अनुप्राणी फाउंडेशन की सुश्री अवनी शाह रहीं। यह शिविर ओम हॉस्पिटल ओएसिस के सहयोग से तथा अनुप्राणी फाउंडेशन एवं नाना पालकर स्मृति समिति, परेल के समर्थन से आयोजित किया गया। शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. वंदना धाकतोडे थीं। रोटरी क्लब ऑफ डोंबिवली डायमंड्स के अध्यक्ष रोटेरियन कुंदन नेमाडे, सचिव रोटेरियन जगदीश तांबट तथा रोटेरियन मंजू तेम्बे, संजय कागडे और सागर दुसाने सहित क्लब के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटरी क्लब ने भविष्य में भी स्वास्थ्य जागरुकता और जनसेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

■ 30 महिलाओं की जांच



स्थानीय खबरें देखें पेज नं. 4 पर